गुस्ताखी माफ

बंदे खुद देते सदा, जिम्मेदारी टाल।
दी है पौधों पर सभी, जिम्मेदारी डाल।
जिम्मेदारी डाल, हवा को शुद्ध करेंगे।
लेकिन हम इंसान, हवा में गंद भरेंगे।
कह साहिल कविराय, बड़े बंदे हैं गंदे।
गंद डालते बड़ा, बड़े गंदे हैं बंदे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 343 | SATURDAY 20-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



38th Edition **Yarnex** India International Yarn Exhibition

Fibers · Yarns · Services

22nd Edition **TexIndia** Textile Sourcing Fair

Fabrics · Accessories · Jobwork

8th Edition **DyChem** Texprocess Show

Dyes · Chemicals · Auxiliaries

**19, 20, 21 (Fri, Sat, Sun) December 2025, Dana Mandi, Bahadur Ke Road, Ludhiana**

**2nd Day**

## YARNEX, TEXINDIA and DyChem Texprocess Show will witness participation by 103 Leading Supply Chain Partners from various parts of India

The Knit Wear textile hub of Ludhiana, renowned for its innovation prowess and entrepreneurial spirit, will once again play host to the highly curated triple shows, The 38th Edition of **YARNEX**, 22nd Edition of **TEXINDIA** and 8th Edition of **DyChem Texprocess** Show bringing under one roof suppliers and buyers at Dana Mandi, Bahadur Ke Road, Jalandar By-pass, Ludhiana from **19 to 21 December 2025**.

The upcoming Ludhiana shows will showcase products and services from leading manufacturers and suppliers from Ludhiana as well as from across the country. Renowned brands have confirmed their participation and are eagerly looking forward to business network with buyers.

For more than two decades now, Yarnex, TexIndia, and DyChem Texprocess Show have established their credentials as India's premier textile trade shows that have provided an integrated and seamless sourcing platform for buyers. The shows will play a catalyst role in strengthening the textile value chain in the prime commercial hub of Ludhiana.

Three days of the shows will witness the participation of **103 leading companies** from various parts of India showcasing their latest in

**Fibers** - Natural (Cotton, wool, silk and flax/ramie); Man-made (regenerated and synthetic); Specialty; and Others. Yarns - Natural and Blends (Cotton, wool, silk and linen/ramie); Man-made and Blends (regenerated and synthetic); Elastic; Fancy; Specialty yarn. **Fabrics** - Knitted; Embroidered; Grey; Imported; Printed; Processed; Silk; Speciality; Velvet, Woollen; Shirting Fabrics Mill Made and Powerloom, Women's Wear Fabrics - High-end Value Added Fabrics, Stitch Kurtis, Digital & Foil Print Fabrics, **Textile Process, Trims & Embellishments** - Buttons; Zippers; Interlinings; Labels; Laces; Tapes; Thread - Sewing and Embroidery; and **Services** at the Show.

Visitors to the YARNEX, TEXINDIA and DyChem Texprocess Show represent a diverse category including international buying houses and buying agents, garment manufacturers & exporters; composite mills, powerloom weavers, knitters, distributors and wholesalers, apparel brands, importers, fashion designers, fashion labels, sourcing agents, large-format retail chains and trade body representatives.

**Entry to YARNEX, TEXINDIA and DyChem Texprocess Show is strictly for trade visitors only** and will allow companies to interact and conduct business in a non-cluttered and extremely business like environment.

Related web site **www.textilefairsindia.com**









### YARNEX EXHIBITORS

| Company Name / City |
|---|
| AB Cotspin India Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Aksharlon Industries Pvt. Ltd., Surat |
| Arisudana Industries Ltd., Ludhiana |
| Bhilosa Industries Pvt. Ltd., Mumbai |
| Cedaar Textile Ltd., Ahmedgarh |
| Ecospin Yarns Pvt. Ltd., Derabassi |
| Geeta Texyarn Corporation, Ludhiana |
| Geetex Yarns, Ludhiana |
| Goyal Petrofils Yarn Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Grasim Industries Ltd. - LIVA, Mumbai |
| Impark - A unit of Lal Impex, Surat |
| Indorama India Pvt. Ltd., INVIYA®, Chandigarh |
| JB Ecotex Ltd., Surat |
| Kaur Sain Spinning Mills, Ludhiana |
| MKS Shri Enterprises, Sonipat |
| Neelkanth Textile Corporation, Amritsar |
| Paramount Syntex Ltd., Ludhiana |
| Perfect Filaments Ltd., Mumbai |
| Pioneer Embroideries Ltd., New Delhi |
| PNP Polymers Pvt. Ltd., Mumbai |
| Reliance Industries Ltd., Navi Mumbai |
| Sangal Industries Pvt. Ltd., Muzaffarnagar |
| Shree Polyester Industries Pvt. Ltd., Mumbai |
| Shri Vijay Inder Plastics, Ludhiana |
| Sogo Fashion Pvt. Ltd., Noida |
| Suryaamba Spinning Mills Ltd., Nagpur |
| Sutlej Textiles and Industries Ltd., Mumbai |
| Texperts India Pvt. Ltd., Mumbai |
| Usha Yarns Ltd., Chandigarh |
| Vardhman Textiles Ltd., Ludhiana |
| Visaka Industries Ltd., Nagpur |

**Entry for Trade Buyers only**
**Children below 15 years are not allowed.**
**Show timings - 10.00 am to 7.00 pm**

### TEXINDIA EXHIBITORS

| Company Name / City | Company Name / City |
|---|---|
| 3 K Design, Ludhiana | Lark Knitwears, Ludhiana |
| Aarnishi International, Ghaziabad | Little Angles Trade Impex, Ludhiana |
| Aerene Lace, Surat | Lovely Impex, Noida |
| Ambika International, Ludhiana | M.K. Aggarwal Fabrics Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Anika Tex Fab, Surat | Maa Ambey Prints, Surat |
| Anil International, New Delhi | Manjay Yarns & Knitwears, Ludhiana |
| Anjani Overseas, Delhi | Mansi Textiles, Mumbai |
| Arknine Sharing Tech. Pvt. Ltd., Mumbai | Maurya Exports, Ludhiana |
| Artex Mills Pvt. Ltd., Sikandrabad | Narains Synthetics Pvt Ltd, Mumbai |
| ASHVAH -House of Fabrics, Rohtak | Oriental Textile Process. Co. P Ltd., Ludhiana |
| Axis Enterprises, Ludhiana | Oswal (India), Ludhiana |
| B&B Metal Krafts (Tata Power), Ludhiana | P.I. Cottex Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Bhimraj Syntex Pvt. Ltd., Surat | P.S. Accessories, Delhi |
| C.R.V. Tapes, Ludhiana | Poly Trendz, Surat |
| Chandra Fashion, Surat | Positex Pvt. Ltd., Delhi |
| Eros Envirotech Pvt. Ltd., Ludhiana | PVM Enterprises Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Eshine Textiles Mills Pvt. Ltd., Ludhiana | RCPL Logistics Pvt. Ltd., New Delhi |
| Fabric Katcher, Ludhiana | S.Biotex Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Fashion Accessories India Pvt. Ltd., Mumbai | Sagar Manufacturers Pvt. Ltd., Bhopal |
| Fashion Knit Fab, Ludhiana | Shastri Polytex Industries, Ludhiana |
| Fine Fabrics, Ludhiana | Shital Fibres Ltd., Jalandhar |
| Flying Horse Impex Pvt. Ltd., Panipat | Shiva Texfabs Ltd., Ludhiana |
| Future Printing Technologies, New Delhi | Shubh Laxmi Enterprise, Surat |
| Gauri Impex, Ghaziabad | Siddh Shree Textiles, Delhi |
| Global Textile Source, Bengaluru | Siyaram Silk Mills Ltd. -Den-Knit, Mumbai |
| Go Young (India), Ludhiana | Sky Hemmay Pvt. Ltd., Bhiwandi |
| Guru Kirpa Fabrics, Ludhiana | Sri Vardhman Palace, East Delhi |
| Hangwell India (Unit of Gogo Ent.), Ludhiana | T.R. Garg Fabrics, Ludhiana |
| Hanuman Prasad & Sons, New Delhi | Top Light Group, Tirupur |
| Hari Har Textiles, Ludhiana | Trendy Creation Textile Mills, Ludhiana |
| HK Krishna Trading Co. Ltd., China | Udey Crafts, Ludhiana |
| Jawahar Fabrics, Ludhiana | Vimal International, Surat |
| Kaur Sain Spinning Mills, Ludhiana | VNL Elastic Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Khanna Industries, Ludhiana | Vool Fashion, Surat |
| Khazana Syntex, Surat | Welco Agencies Pvt. Ltd., Gurugram |
| Khushali Plus, Surat | World Impex Inc. (Communion), New Delhi |
| Kochar Sung Up Acrylic Ltd., Amritsar | Ziptex-A The Zipper Company, Surat |

Organised by:
**S S Textile Media Pvt. Ltd.**
Mob. +91 9845119893, 9990866929, 9035263008
E-mail: sstm@texteilefairsindia.com

Industry Partner: Bhilosa Industries Private Limited

Supported by: Northern India Textile Mills Association · Bahadur-ke-Textile and Knitwear Association (Regd.) · Tirupur Exporters Association · Knit Cloth Manufacturers Association

For registration: Scan QR Code

# यार्न से फैशन तक: लुधियाना में टेक्सटाइल उद्योग की तीन दिवसीय महाप्रदर्शनी YarnX

## यार्न एक्स जैसी प्रदर्शनियां इंडस्ट्री के लिए आई ओपनर : एमपी राजेंद्र गुप्ता






लुधियाना, यूटर्न, 19 दिसंबर। भारत के निटवियर और टेक्सटाइल उद्योग की राजधानी लुधियाना में शुक्रवार को गौरमेंट सैक्टर की तीन बी2बी व्यापार प्रदर्शनियों— यार्नेक्स, टेक्सइंडिया और डाइकेम टेक्सप्रोसेस का भव्य उद्घाटन हुआ। दाना मंडी, बहादुर के रोड, जालंधर बाईपास में शुरू हुई प्रदर्शनी 21 दिसंबर तक चलेंगी।

प्रदर्शनियों का उद्घाटन राज्यसभा सांसद राजिंदर गुप्ता ट्राइडेंट ने किया इस अवसर उद्योग जगत की कई दिग्गज हस्तियां भी उपस्थित रही। प्रदर्शनी में देश की 103 अग्रणी टेक्सटाइल और सप्लाई-चेन कंपनियां एक ही छत के नीचे अपनी नवीनतम उत्पाद श्रृंखलाएं और तकनीकी समाधान प्रस्तुत कर रही हैं। एमपी गुप्ता ने आयोजकों को बधाई देते हुए ऐसी प्रदर्शनियों को लुधियाना इंडस्ट्री के लिए चिराग बताया जिसकी रौशनी में दिखाई गई नई नई इनोवेशन पूरी इंडस्ट्री को जगमगाने की क्षमता रखती हैं प्रदर्शनी में प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित रेशे, विभिन्न प्रकार के धागे, बुने और बुने हुए कपड़े, फैशन फैब्रिक्स, ट्रिम्स, एम्बेलिशमेंट्स, सिलाई-कढ़ाई धागे तथा वैल्यू-एडेड टेक्सटाइल सेवाओं की व्यापक रेंज आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नवाचार, स्थिरता, गुणवत्ता और कार्यक्षमता इस आयोजन की प्रमुख विशेषताएं हैं।

# घने कोहरे के कारण 150 से ज्यादा उड़ानें रद्द, यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में रेड अलर्ट

चंडीगढ़/यूटर्न/19 दिसंबर। शुक्रवार को राजधानी और उसके आस-पास के इलाकों में घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर दिन भर में 152 उड़ानें रद्द कर दी गई, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई। सूत्रों के अनुसार, 79 डिपार्चर और 73 अराइवल सहित 152 निर्धारित उड़ानें रद्द की गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, घने कोहरे और खराब मौसम के कारण पूरे उत्तर भारत में रेड अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट अभी कैट थ्री स्थितियों में काम कर रहा है, जिससे देरी और रुकावटें हो रही हैं। यह एक्स पर लगभग हर घंटे एडवाइजरी जारी कर रहा है, जिसमें यात्रियों से अपनी उड़ानों की स्थिति जानने के लिए अपनी संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा, इंडिगो और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी की है, जिसमें



चेतावनी दी गई है कि खराब मौसम के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है।

**गुरुवार सबसे ठंडा रहा...**गुरुवार को दिल्ली में इस मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिसंबर का दिन दर्ज किया गया, क्योंकि अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम है। राजधानी में इस मौसम में अभी तक शीतलहर का अनुभव नहीं हुआ है और दिसंबर में इस समय तक पड़ने वाली कड़ाके की ठंड गायब है। मौसम विभाग ने बताया कि गुरुवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री ज्यादा है। उत्तर भारत के अन्य शहरों में भी कोहरे की स्थिति समान थी, जिसमें उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जाए, और इसके परिणामस्वरूप, पूरे राज्य में गति सीमा लागू की गई है। निर्धारित गति सीमा से ज्यादा गति से चलने वाले वाहनों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

**राजधानी में हवा की गुणवत्ता कम हुई...**इस बीच, राजधानी में हवा की गुणवत्ता गिरकर 380 हो गई है, जो फिर से गंभीर श्रेणी के करीब है। सुबह यह 387 से थोड़ा बेहतर हुई थी, जब दिल्ली भर के 39 मॉनिटरिंग स्टेशनों में से 14 का एक्यूआई 400 से ज्यादा था। कोहरे ने दिल्ली-एनसीआर, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद शामिल हैं, में विजिबिलिटी को 100 मीटर से कम कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें सुबह के घंटों में घने कोहरे का अनुमान लगाया गया है।

# राजपुरा में अंबर ग्रुप का 500 करोड़ का निवेश, पंजाब को मिलेगा 1,000 नई नौकरियों का बड़ा तोहफा

## राजपुरा में अंबर ग्रुप का 500 करोड़ का निवेश, पंजाब बनेगा एचवीएसी नवाचार का केंद्र




चंडीगढ़, यूटर्न, 18 दिसंबर। पंजाब औद्योगिक विकास और नवाचार के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। देश के अग्रणी निर्माण समूह अंबर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने राजपुरा में 500 करोड़ रुपये के निवेश से एक अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास (R&D) केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से एचवीएसी (HVAC) डिजाइन और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में लगभग 1,000 उच्च-गुणवत्ता और बेहतर वेतन वाली नौकरियों का सृजन होगा, जिससे राज्य के युवाओं को बड़े स्तर पर लाभ मिलेगा।

इस निवेश का स्वागत करते हुए उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली एवं प्रवासी भारतीय मामलों के कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि अंबर ग्रुप का यह निर्णय पंजाब की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों, कुशल मानव संसाधन और निवेशक-अनुकूल वातावरण में बढ़ते विश्वास को दर्शार्ता है। उन्होंने कहा कि यह R&D केंद्र घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए अगली पीढ़ी के एचवीएसी उत्पादों की डिजाइनिंग, परीक्षण और प्रमाणीकरण का प्रमुख केंद्र बनेगा। अंबर एंटरप्राइज़िज इंडिया लिमिटेड के सीईओ श्री जसबीर सिंह ने कहा कि पंजाब कुशल प्रतिभा, मजबूत औद्योगिक ढांचे और स्थिर नीतिगत समर्थन का उत्कृष्ट संयोजन प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि यह निवेश नवाचार-आधारित विकास और भारत को वैश्विक एचवीएसी मूल्य श्रृंखला में अग्रणी बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

उल्लेखनीय है कि अंबर ग्रुप देश और विदेश में 33 निर्माण इकाइयों और 12 विक्रय कार्यालयों के साथ कार्यरत है तथा कई प्रमुख वैश्विक ब्रांडों को समाधान उपलब्ध कराता है। यह परियोजना पंजाब को उन्नत इंजीनियरिंग, उच्च-स्तरीय अनुसंधान और वैश्विक निर्यात के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

# 20 दिसंबर को नशे के खिलाफ दुखदी रग पंजाब दी होगा कार्यक्रम आयोजित - राजेश जैन बॉबी



लुधियाना/यूटर्न/19 दिसंबर। मानवता की सेवा में लगे न्यू यंग फाइव स्टार क्लब एवं भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा सोसायटी के सदस्यों की मीटिंग प्रधान और पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के मैंबर युवारत्न राजेश जैन बॉबी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें चेयरमैन राजेश जैन मोनिका, कपिल जैन सृष्टि वूल, वरिष्ठ उपप्रधान संदीप बहल एडवोकेट, महासचिव सचिन जैन, कोषाध्यक्ष राकेश टंडन विशेष रूप से शामिल हुए। मीटिंग की शुरूआत महामंत्र नवकार के उच्चारण से की गई। प्रधान राजेश जैन बॉबी एवं महासचिव सचिन जैन ने कहा कि संस्था की ओर से पंजाब में नशे के खिलाफ अपने नौजवान पीढ़ी को सचेत करने हेतु कार्यक्रम दुखदी रग पंजाब दी का आयोजन 20 दिसंबर शनिवार को सुबह 10 से 1 बजे तक किदवई नगर स्थित आत्म देवकी निकेतन स्कूल के ऑडिटोरियम में करवाया जा रहा है। जिसके मुख्यातिथि विश्वा जैन, नीलम जैन कंगारू ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक दर्शन लाल बवेजा लड्डू ग्रुप करेंगे। गोयम स्क्रू प्रैस के विनोद जैन गोयम, आंसल अस्टेट के एस. एस. खुराना, एस. एस. जैन गर्ल्स स्कूल कमेटी के प्रैजीडैंट नंद कुमार जैन, धवन वूलन मिल्स के मनीष धवन एवं सुभाष चोपड़ा जी-लाइन, एस.एस. जैन गर्ल्स स्कूल कमेटी के जनरल सैक्रेटरी राजीव जैन, हयूमन रिसोर्स मैनेजमेंट लुधियाना के डायरैक्टर डा. एल. डी. सिंगला विशिष्ट अतिथि होंगे। स्वागती गीत आत्म देवकी निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर राजीव जैन, अंकित जैन, अमन जैन, सार्थक जैन व अन्य मौजूद थे।

# रायकोट में दो पक्षों में झड़प, एक दर्जन लोगों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 दिसंबर।रायकोट पुलिस स्टेशन की पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए स्थानीय कस्बे में दो पक्षों के बीच हुई झड़प के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है। इस झड़प में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। मामले की जानकारी देते हुए हवलदार बूटा खान ने बताया कि यह घटना 13 दिसंबर की है। पहले पक्ष में पुलिस को दिए गए बयान में रायकोट निवासी हरदयाल सिंह के पुत्र मनदीप सिंह उर्फ मणि ने आरोप लगाया कि 13 दिसंबर को अमनदीप शर्मा ने उसे बुलाया और प्रदीप सिंह उर्फ लाडी (एच-2 ढाबा) के दफ्तर ले गया। प्रदीप लाडी, चमकौर सिंह उर्फ टिंटू, सुनील वर्मा, मनप्रीत ग्रेवाल और 2 अज्ञात व्यक्ति पहले से ही वहां शराब पी रहे थे। मनदीप के अनुसार, जब वह वहां बैठा था, प्रदीप लाडी ने उसके पिता के बारे में अपशब्द कहे। जब उसने विरोध किया, तो उक्त व्यक्तियों ने उसकी पिटाई कर दी। इस बयान के आधार पर पुलिस ने प्रदीप सिंह उर्फ लाडी, अमनदीप शर्मा, चमकौर सिंह टिंटू, मनप्रीत ग्रेवाल, सुनील वर्मा और 2 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## दूसरे पक्ष का भी आरोप

इसी मामले में प्रदीप सिंह उर्फ लाडी ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ कार्यालय में बैठा था, तभी मनदीप सिंह मणि अपने साथी निखिल वर्मा के साथ वहां आया और हरमन सिंह के सुलह के बारे में बात करने लगा। इसी दौरान मनदीप ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने भाइयों को फोन किया। लाडी के अनुसार, 10 मिनट बाद मनदीप के भाई हरविंदर सिंह उर्फ गगन और संदीप सिंह उर्फ सनी स्विफ्ट कार में आए। संदीप सनी के पास कथित तौर पर एक कटा हुआ (लोहा) था। उन्होंने कार्यालय का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया, गालियां दीं और प्रदीप लाडी और अमनदीप शर्मा की पिटाई की। इस बयान के आधार पर, पुलिस ने दूसरे पक्ष मनदीप सिंह उर्फ मणि, हरविंदर सिंह उर्फ गगन और संदीप सिंह उर्फ सनी (तीनों हरदयाल सिंह उर्फ बिल्लू ग्रेवाल के बेटे) के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पुलिस दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

जीरकपुर, यूटर्न, 19 दिसंबर। जीरकपुरझ्रबनूड़ मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा छत्त लाइट्स, अमलतास पैलेस के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस को दिए बयान में बनूड़ निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि 18 दिसंबर को वह अपने भतीजे धैर्य और उसके दोस्त शिवम के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर जीरकपुर से बनूड़ लौट रहा था। दोपहर करीब दो बजे अमलतास पैलेस के नजदीक पीछे से आ रहे ट्रक (नंबर ढइ-113व-2361) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को बाईं ओर से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गए। घायल अवस्था में दोनों को तुरंत सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान धैर्य की मौत हो गई, जबकि शिवम का पीजीआई में इलाज जारी है।

VOL: 10 | ISSUE 343 | SATURDAY 20-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लुधियाना रियल एस्टेट सेक्टर : मंदी के दौर में भी पड़ रही ब्रांड की वैल्यू, नामी ग्रुप ने कमर्शियल प्रोजेक्ट के 20 यूनिट लांच किए, 100 की आई बुकिंग

लुधियाना/यूटर्न/19 दिसंबर। लुधियाना में एक तरफ जहां रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी का दौर चलने की बातें की जाती है। वहीं दूसरी तरफ इस मंदी की चचाओं के बीच भी ब्रांड की वैल्यू पड़ रही है। दरअसल, लुधियाना के लाडोवाल टोल प्लाजा के पास एक नामी ग्रुप की और से अपने कमर्शियल यूनिट लांच किए थे। उक्त ग्रुप पर लोगों के बने यकीन के चलते उनके पास चार गुना ज्यादा बुकिंग आ गई। जिससे साबित होता कि एक अच्छे ब्रांड और नियमों के मुताबिक चलने वाले ग्रुप को मंदी का कोई फर्क नहीं पड़ता और मंदी के बीच भी अच्छे छवि वाला ग्रुप अपना माल बेच सकता है। हालांकि यह जरुर है कि लोगों में अपने ब्रांड की अच्छी बुनियाद व यकीन न बनाने के चलते जरुर कई ग्रुपों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता है। याद रहे कि कुछ समय पहले एक अन्य ग्रुप की और से कुछ समय पहले बिना लोकेशन बताए प्रोजेक्ट की बुकिंग शुरू की थी। उक्त ग्रुप की भी ब्रांड वैल्यू होने के चलते धड़ल्ले से बुकिंग आई। हालात यह थे कि बाजार का सारा पैसा उक्त ग्रुप द्वारा खींच लिया गया था।






### बाजार में पैसे की कमी नहीं, अच्छे ब्रांड की वैल्यू

वहीं एक तरफ जहां लोगों द्वारा दावे किए जा रहे हैं कि रियल एस्टेट सेक्टर का भी सारा पैसा लोगों द्वारा सोने में इन्वेस्ट किया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ इसके बावजूद भी लोगों द्वारा एक अच्छे ब्रांड को कैच किया जा रहा है। जिससे पता चलता है कि बाजार में पैसे की कमी नहीं है, लेकिन एक अच्छे ब्रांच की हमेशा वैल्यू पड़ती जरुर है।

### २० यूनिट निकाले, 100 की आई बुकिंग

चर्चा है कि इस ग्रुप की और से लाडोवाल टोल प्लाजा के नजदीक 20 कमर्शियल यूनिट लांच किए थे। लेकिन ब्रांड की अच्छी छवि के चलते 100 यूनिट की बुकिंग आ गई। हालांकि ग्रुप की और से मंदी की बातों को ध्यान में रखते हुए कम यूनिट लांच किए गए थे, ताकि वह पहले मार्केट रिस्पांस देख रहे थे। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि उक्त ब्रांड पर लोगों के यकीन को देखते हुए धड़ल्ले से बुकिंग हुई। बल्कि बुकिंग भी तीन-चार गुना ज्यादा हुई।

### लाडोवाल में कई प्रोजेक्ट हुए लांच, ज्यादातर हुए फेल

लाडोवाल टोल प्लाजा के पास पिछले कुछ समय के दौरान 25 से 30 प्रोजेक्ट लांच हुए। जिन्हें अलग अलग कंपनियों और ग्रुप द्वारा लांच किया गया था। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इन सभी में से 3-4 प्रोजेक्ट ही चल रहे हैं। जिसमें से कई जो फेल हो गए और कई प्रोजेक्ट को आगे बेच दिया गया।

### कपड़े व अन्य उत्पाद के नियम प्रॉपर्टी में भी आए

वहीं जहां ब्रांड वैल्यू कपड़े व अन्य उत्पादों में देखी जाती थी। लोग नामी कंपनी का लोगो लगा देखकर कपड़े व अन्य घरेलू उत्पाद खरीदते थे। लेकिन अब वहीं नियम रियल एस्टेट सेक्टर में भी लागू हो रहे हैं। जहां लोग ब्रांड को देखकर इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं।

## पीजीआई चंडीगढ़ में 1.14 करोड़ का बड़ा घोटाला, फोटोकोपी शॉप से चलता रहा गरीब मरीजों की ग्रांट लूटने का नेटवर्क

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 दिसंबर। देश के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थान पीजीआई चंडीगढ़ में गरीब और जरूरतमंद मरीजों के नाम पर मिलने वाली सरकारी सहायता राशि में 1.14 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि यह पूरा फजीर्वाड़ा पीजीआई परिसर स्थित गोल मार्केट की एक फोटोकोपी दुकान से संचालित किया जा रहा था।

जांच के अनुसार फोटोकोपी शॉप का मालिक दुर्लभ कुमार और उसका पार्टनर साहिल सूद, पीजीआई की प्राइवेट ग्रांट सेल के कर्मचारियों के साथ मिलकर फर्जी बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों में गरीब मरीजों के इलाज के लिए स्वीकृत सरकारी ग्रांट की रकम ट्रांसफर की जाती थी। इतना ही नहीं, मरीजों के नाम पर जारी महंगी दवाओं को भी अवैध रूप से बाजार में बेच दिया जाता था।

इस घोटाले में पीजीआई के रिटायर्ड जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट धर्मचंद, मेडिकल रिकॉर्ड क्लर्क सुनील कुमार, एलडीसी प्रदीप सिंह, कर्मचारी चेतन गुप्ता, हॉस्पिटल अटेंडेंट नेहा और प्राइवेट ग्रांट



सेल का कर्मचारी गगनप्रीत सिंह आरोपी पाए गए हैं। इसके अलावा एचएलएल लाइफ केयर, आर. कुमार मेडिकोस, कुमार एंड कंपनी और मारुति मेडिकोस जैसी दवा कंपनियों की भूमिका भी जांच के घेरे में है। घोटाले का खुलासा तब हुआ जब एक लाभार्थी मरीज के पति ग्रांट लेने पहुंचे और पता चला कि फाइल नष्ट कर दी गई है तथा रकम किसी अन्य के खाते में भेजी जा चुकी है। जांच में दर्जनों मामलों में फजीर्वाड़ा, दोहरा भुगतान, फाइलें गायब और मृत मरीजों के नाम पर दवाओं की खरीद सामने आई। सीबीआई ने इस मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात, जालसाजी, साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी है।

## सुरक्षित उड़ान को लेकर बड़ा फैसला: एयरफोर्स स्टेशन के 1000 मीटर दायरे में मीट दुकानों और अवशेष फेंकने पर पूर्ण प्रतिबंध

मोहाली, यूटर्न, 19 दिसंबर। वायुसेना के विमानों की सुरक्षित उड़ान और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एक अहम और कड़ा निर्णय लिया है। जिला मजिस्ट्रेट कोमल मित्तल ने एयरफोर्स



स्टेशन के चारों ओर 1000 मीटर के दायरे में मीट की दुकानों के संचालन तथा मांसाहारी अवशेष खुले में फेंकने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 10 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि एयरफोर्स स्टेशन के आसपास कई खाद्य एवं मीट की दुकानें संचालित हो रही थीं, जिनसे निकलने वाले मांसाहारी अवशेष खुले में फेंके जाते थे। इसके चलते क्षेत्र में मांसाहारी पक्षियों की संख्या में वृद्धि हो रही थी, जो उड़ान के दौरान वायुसेना के विमानों से टकराने का बड़ा खतरा पैदा कर सकती है।







# हरियाणा विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सात विधेयक प्रस्तुत किए गए, 8 विधेयक किए पास



हरियाणा/यूटर्न/19 दिसंबर। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन जो सात विधेयक प्रस्तुत किए गए उनमें हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चिता) संशोधन विधेयक, 2025, हरियाणा आवास बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहितीकरण, अभिलेखन और समाधान) विधेयक, 2025, हरियाणा दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा अनुसूचित सड़क और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन (संशोधन) विधेयक, 2025 और हरियाणा जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2025 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आठ विधेयक चर्चा उपरांत पास भी किए गए। पास किए विधेयकों में हरियाणा श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री मन्तरा देवी तथा श्री केदारनाथ पूजा स्थल (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025, हरियाणा पंचायती राज (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 तथा हरियाणा नगर निकाय विधेयक, 2025 शामिल हैं।

# जामनी गांव में राजकीय कन्या महाविद्यालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी - मंत्री रणबीर गंगवा

हरियाणा/यूटर्न/19 दिसंबर। हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सफीदों विधानसभा क्षेत्र के गांव जामनी में राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द टेंडर



लगने के बाद शुरू हो जाएगा। मंत्री गंगवा शुक्रवार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सफीदों से विधायक राम कुमार गौतम द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में सदन को अवगत करा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसकी संशोधित ड्राइंग के आधार पर और इसमें मिट्टी भरने के कार्य को शामिल करते हुए, संशोधित रफ कॉस्ट एस्टीमेट महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा को अगस्त 2025 में 1126.39 लाख रुपये का प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया था। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद, राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण का काम शुरू किया जाएगा।

# आम आदमी पार्टी घनौर के हलका विधायक ने किया जनता का धन्यवाद

भाग सिंह अंटाल/अभिषेक सूद

घनौर/यूटर्न/19 दिसंबर। आम आदमी पार्टी के हलका विधायक



गुरलाल घनौर ने पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों में मिले अपार जनसमर्थन के लिए क्षेत्र की जनता का दिल से धन्यवाद किया है। विधायक ने कहा कि इन चुनावों में जनता ने जिस प्रकार बढ़-चढ़कर मतदान किया और लोकतंत्र को मजबूत किया, वह सराहनीय है। विधायक ने कहा कि यह जीत जनता की उम्मीदों, विश्वास और विकास की सोच की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ मतदान किया है, उस पर वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। क्षेत्र के विकास, जनहित के कार्यों और बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी व रोजगार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का भी धन्यवाद किया। अंत में विधायक ने कहा कि जनता का यह स्नेह और समर्थन उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगे।

# लाखनमाजरा और महम के 16 गांवों में फसल खराब होने पर 5.61 करोड़ का दिया मुआवजा

हरियाणा/यूटर्न/19 दिसंबर। राजस्व आपदा एवं प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि तहसील लाखनमाजरा और महम के 16 गांवों में फसल खराब होने पर 5 करोड़ 61 लाख 8 हजार 431 रुपए का मुआवजा दिया गया है और प्रदेशभर में 516 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई।



राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा महम और लाखनमाजरा तहसील सहित सभी तहसीलों में दो लेयर में खराबे की जांच की गई।

जिन किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मुआवजा के लिए आवेदन किया उन्हें मुआवजा प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को मुआवजा राशि देने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भी विशेष रूप से संज्ञान लिया और खराबा आंकलन में जिन पटवारियों ने लापरवाही और कोताही बरती उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

# कांग्रेसी पार्षद पति पर हॉर्टिकल्चर सुपरवाइजर के साथ मारपीट करने के लगे आरोप, निगम व पुलिस कमिश्नर को शिकायत

लुधियाना/यूटर्न/19 दिसंबर। वार्ड 61 से कांग्रेस पार्टी की पार्षद परमिंदर कौर इंदी के पति व कांग्रेसी लीडर इंद्रजीत सिंह इंदी पर नगर निगम की हॉर्टिकल्चर ब्रांच के सुपरवाइजर के साथ गाली गलौच करने और मारपीट के आरोप लगे हैं। सुपरवाइजर अजय शर्मा की और से नगर निगम कमिश्नर और पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी है। उनका कहना है कि यदि इस मामले में इंदी पर एक्शन न लिया गया तो हॉर्टिकल्चर ब्रांच के सभी मुलाजिम हड़ताल पर चले जाएंगे। हालांकि इन आरोपों को इंद्रजीत इंदी द्वारा गलत बताया गया है। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी देते हुए जेई किरपाल सिंह ने बताया कि सुपरवाइजर अजय शर्मा द्वारा पिछले कुछ दिनों से वार्ड 61 में पेड़ कटिंग का काम कराया जा रहा था। बाद में अजय शर्मा द्वारा मुलाजिमों की ड्यूटी



वार्ड 60 में लगा दी। शुक्रवार सुबह इंदरजीत इंदी का एक युवक मौके पर गया और अजय को वहां से लेकर रोजगार्डन के पास आ गया। रास्ते में अजय के साथ गाली गलौच की गई। वहीं इंदी भी वहां पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद जेई किरपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर वह तुरंत मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया। पार्षद पति इंदरजीत इंदी ने कहा कि उन पर झूठे आरोप



कांग्रेस नेता इंद्रजीत सिंह इंदी

लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को माया नगर में पेड़ कटिंग का काम होना था, लेकिन सुपरवाइजर ने मुलाजिमों को दूसरे वॉर्ड में भेज दिया। जबकि पहले ही बताया गया था कि माया नगर गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम करवाया जाना है। उन्हें बदनाम कर छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कोहरे का कहर: गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेक लौट रहे परिवार अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पिता की मौत, मां घायल

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 दिसंबर। रायकोट मलेरकोटला रोड पर घने कोहरे के कारण हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब पीड़ित परिवार सुबह गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर लौट रहा था।




रायकोट शहर पुलिस स्टेशन के हवलदार बूटा खान ने बताया कि मृतक के पुत्र रमनप्रीत सिंह उर्फ रमन, जो रायकोट निवासी हैं, ने पुलिस में अपना बयान दर्ज कराया है। रमनप्रीत के अनुसार, 18 दिसंबर की सुबह वह अपने पिता अवतार सिंह, मां जसवीर कौर, चाची और अन्य रिश्तेदारों के साथ नाले के पास स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में मत्था टेकने गए थे। जब वह पैदल घर लौट रहे थे, तो घने कोहरे के कारण वह सड़क के बाईं ओर कच्ची सड़क पर चल रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार गाड़ी ने लापरवाही से उसके पिता अवतार सिंह और माता जसवीर कौर को टक्कर मार दी। रमनप्रीत ने बताया कि उसने सड़क से हटकर खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद अवतार सिंह बेहोश हो गए और माता जसवीर कौर की नाक से खून बहने लगा। परिवार तुरंत उन्हें अस्पताल ले गया, जहाँ डॉक्टरों ने अवतार सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रमनप्रीत के बयान के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# बोंडी बीच के हीरो का नवांशहर कनेक्शन: बोंडी नरसंहार के बीच अमनदीप सिंह की बहादुरी की चारों और चर्चाएं

चंडीगढ़/यूटर्न/19 दिसंबर। पंजाब के अमनदीप सिंह ने कभी नहीं सोचा था कि ऑस्ट्रेलिया बोंडी बीच के पास एक आम सैर उनके जीवन का एक ऐसा पल बन जाएगी जो उनकी ज़िंदगी को परिभाषित करेगा। कबाब का आनंद लेते हुए, बातचीत की आवाज और समुद्र किनारे की दोपहर की आरामदायक लय के बीच, सिंह-बोला ने अचानक खुद को आतंक के दृश्यों का गवाह पाया, जब पास में हिंसा भड़क उठी। जो एक सामान्य दिन के रूप में शुरू हुआ था, वह जल्दी ही अराजकता में बदल गया और सिंह ने कार्रवाई करने का फैसला किया। दरअसल, बोंडी बीच पर हुए आतंकी हमले में एक हमलावर को अमनदीप सिंह द्वारा पकड़ा गया था।



## नवांशहर के रहने वाले है सिंह

सिंह का साहस उनकी जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह एक पंजाबी परिवार से आते हैं जो मूल रूप से नवांशहर का है और उनके दादा 1916 में न्यूजीलैंड चले गए थे 2019 में, सिंह ने अमृतसर में हरमंदिर साहिब, गोल्डन टेम्पल का दौरा किया, एक आध्यात्मिक यात्रा जिसके बारे में वह कहते हैं कि इसने सेवा, या निस्वार्थ सेवा के सिख सिद्धांत को मजबूत किया। उन्होंने कहा है, ₹आपको सिखाया जाता है कि दूसरों की मदद करना कोई विकल्प नहीं है - यह एक ज़िम्मेदारी है।₹ यह विश्वास बोंडी में उनके कामों में साफ तौर पर दिखा।

## पुलिस के साथ मिलकर दिखाई बहादुरी

*जैसे ही चीखें सुनाई दीं और लोग डर के मारे भागने लगे, सिंह को तुरंत एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है। अपना खाना छोड़कर, वह घटना की ओर भागे। एक पुलिस अधिकारी के साथ, उन्होंने साजिद अकरम को जमीन पर गिरा दिया और उसे दबाए रखा, जिससे वह हिल-डुल न सके। पुलिस वाले ने मुझसे कहा कि उसे जाने मत देना। इसलिए मैंने उसका हाथ पकड़ लिया और तब तक दबाए रखा जब तक उसमें हमला करने की ताकत नहीं बची। गवाहों का कहना है कि दोनों लोग तेजी और स्पष्टता के साथ आगे बढ़े, ऐसे समय में कदम उठाया जब थोड़ी सी भी हिचकिचाहट जान ले सकती थी।*

## अजनबियों की रक्षा के लिए खुद को खतरे में डाला

घटना की लाइव प्रकृति ने स्थिति को और भी भयावह बना दिया। एक चश्मदीद ने याद करते हुए कहा एक पल सब कुछ सामान्य था, और अगले ही पल, लोग चिल्ला रहे थे और भाग रहे थे। सिंह-बोला और अल अहमद ने सहज रूप से काम किया, अजनबियों की रक्षा के लिए खुद को खतरे में डाला। भ्रम के बीच उनकी शांत उपस्थिति ने घबराहट को कम करने में मदद की और शायद और जानमाल के नुकसान को रोका। आपातकालीन सेवाओं ने बाद में स्वीकार किया कि घटना के शुरूआती क्षणों में नागरिकों की त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण थी। उन नागरिकों में, सिंह की बहादुरी सबसे अलग थी। दोस्त उन्हें जमीन से जुड़ा और दयालु बताते हैं - ये गुण स्पष्ट रूप से तब दिखे जब खतरा मंडरा रहा था, फिर भी वह बार-बार दूसरों की मदद करने के लिए लौटते रहे।

# तीन दिवसीय एचएमटेक्स प्रदर्शनी का भव्य आगाज, टेंट व इवेंट उद्योग को नई दिशा

लुधियाना, यूटर्न, 18 दिसंबर। पंजाब के टेंट, डेकोर और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के लिए एक बड़ी पहल के रूप में तीन दिवसीय एचएमटेक्स प्रदर्शनी का शुभारंभ गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स ग्राउंड में हुआ। 19 से 21 दिसंबर 2025 तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक मदन लाल बगगा ने किया। प्रदर्शनी का आयोजन पंजाब टेंट डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन और माइंड्स मीडिया एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।



उद्घाटन के पहले ही दिन प्रदर्शनी को जबरदस्त प्रतिसाद मिला। देश-विदेश से आई 100 से अधिक एचएमटेक्स, टेंट डेकोर, कैटरिंग, हॉस्पिटैलिटी, लाइट एंड साउंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों ने अपने अत्याधुनिक उत्पादों और तकनीकों के स्टॉल लगाए। पहले दिन ही 5,000 से अधिक विज़िटर्स ने प्रदर्शनी का दौरा कर नए प्रोडक्ट्स की जानकारी ली और बड़े पैमाने पर ऑर्डर भी बुक किए।

विधायक मदन लाल बगगा ने कहा कि एचएमटेक्स जैसी प्रदर्शनियां पंजाब में उद्योग और रोजगार के नए अवसर खोलती हैं। इससे टेंट और इवेंट इंडस्ट्री को आधुनिक तकनीक से जुड़ने का अवसर मिलेगा और राज्य सरकार उद्योग हितैषी नीतियों को और मजबूती देगी।

पंजाब टेंट डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.एस. मक्कड़ और महासचिव शिव शंकर राय ने पहले दिन की भारी भीड़ को उत्साहजनक बताते हुए कहा कि प्रदर्शनी से टेंट उद्योग और मैरिज पैलेस मालिकों को नई डिजाइन, उन्नत तकनीक और बेहतर नेटवर्किंग का लाभ मिला है।

# सूखना चौक फ्लाईओवर के नीचे मिली सड़ी-गली लाश, जीरकपुर में फैली सनसनी

## जीरकपुर के सूखना चौक पर पुल के नीचे मिला शव, कई दिन पुराना होने की आशंका

जीरकपुर/यूटर्न/19 दिसंबर। जीरकपुर के व्यस्त सूखना चौक फ्लाईओवर के नीचे उस समय सनसनी फैल गई, जब एक राहगीर ने पुल के नीचे पड़ी सड़ी-गली लाश को देखा। बदबू आने पर राहगीर ने नीचे झांककर देखा तो वहां एक शव पड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी।



घटना की जानकारी फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया और प्रारंभिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिस कारण उसकी हालत काफी खराब हो चुकी थी। लंबे समय से पड़े होने के कारण शव से तेज दुर्गंध आ रही थी, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मृतक कौन था और वह इस स्थान पर कैसे पहुंचा। मामले में हत्या, हादसा या किसी बीमारी से मौत जैसे सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव को वहां फेंका गया है या व्यक्ति की वहीं मौत हुई है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे किसी तरह की जानकारी मिल सके।

सूखना चौक जीरकपुर का बेहद व्यस्त इलाका है, जहां दिन-रात आवाजाही रहती है। ऐसे में इस तरह से पुल के नीचे शव मिलने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही पूरे मामले से पर्दा उठने की उम्मीद है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई सामाजिक जागरूकता की प्रेरणा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 दिसंबर। लाजपत राय कन्या विद्यालय, जगराओं में आज सामाजिक जागरूकता को समर्पित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायिक अधिकारी नेहा जिंदल, जेजेएमआईसी, जगराओं ने मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से शिरकत की। न्याय विभाग से रीडर कमलजीत सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता




विद्यालय की प्रिंसिपल नीना गुप्ता ने की। विद्यालय के मैनेजर मुकेश कुमार और सचिव विकास मल्होत्रा ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम हैं। नुक्कड़ नाटक के जरिए विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार, नशे की लत और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मुद्दों पर सशक्त प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित दर्शकों को गहराई से सोचने पर मजबूर होना पड़ा। मुख्य अतिथि जेजेएमआईसी नेहा जिंदल ने विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत है। विद्यालय परिसर में गूंजते संदेशों ने सभी के मन में जागरूकता और जिम्मेदारी का संकल्प जगाया।

# 30 नशीली गोलियों के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

जगरांव/यूटर्न/19 दिसंबर। जोधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छपार चौकी की पुलिस ने 30 नशीली गोलियों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रमुख एएसआई काबल सिंह ने बताया कि जब वे पुलिस दल के साथ लटाला गांव के बस स्टॉप पर चेकिंग के लिए मौजूद थे, तब उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि लटाला गांव निवासी गुरमेल सिंह का पुत्र काकू सिंह अपने घर में मादक गोलियां बेचता है और अभी भी ग्राहकों को गोलियां बेच रहा है। इस सूचना के आधार पर, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए काकू सिंह के घर पर छापा मारा और उसे मौके से 30 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया।



# खुलेआम नशा करते पकड़े दो युवक, पुलिस ने की कार्रवाई

जगरंव/यूटर्न/19 दिसंबर। नशा तस्करों और नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत, अनाज मंडी में बैठकर नशा करते पकड़े गए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में सदर रायकोट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जलालदीवाल चौकी के पुलिस प्रमुख एएसआई लखवीर सिंह ने बताया कि जब वे पुलिस दल के साथ गश्त पर जलालदीवाल अनाज मंडी पहुंचे, तो शाम करीब 4 बजे एक युवक मंडी के अंदर बैठा दिखाई दिया। वह युवक चांदी के कागज पर लाइटर से पाइप गर्म करके नशा कर रहा था। पुलिस को देखकर वह डर गया और अपना सामान फेंककर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बोपाराऐ खुर्द निवासी फकीर सिंह के पुत्र कुलवंत सिंह उर्फ भाऊ के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक लाइटर, हेरोइन के अंश वाला एक पत्ता और 10 रुपये का नोट बरामद कर मामला दर्ज किया है। दूसरे मामले में, हथूर पुलिस स्टेशन के मुख्य अधिकारी, सब-इंस्पेक्टर गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस दल सुधर नहर से घूमन गांव की ओर गश्त कर रहा था। इसी दौरान, सूचना देने वाले ने बताया कि मोही निवासी चुन्नी लाल का पुत्र पिंटू, दाना मंडी सुधर में बैठकर नशा कर रहा था। पुलिस ने तुरंत छापा मारकर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है।



**Happy Birthday**



Mohit Katna

**Happy Birthday**



Mukesh Jain

# राम नाम से मिलता है शांति और मोक्ष का मार्ग : संत अश्वनी बेदी





डॉक्टर दीप्ति शर्मा



शिखा जैन



टीटू पायलट



सविता पराशर



राकेश पराशर



राजीव कौशल



पंकज शारदा



जीवन गुप्ता

लुधियाना, यूटर्न,19 दिसम्बर। श्री राम शरणम श्री राम पार्क, रानी झांसी रोड पर चल रहे 71वें राम नाम अखंड जप महायज्ञ में संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने पूज्य श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज की वाणी का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हरि भजन और राम नाम का जाप



कनौज दानव



विजय दानव

भक्ति भाव बढ़ाने का सर्वोत्तम साधन है, जो मन को पवित्र, विमल और आत्मा को जाग्रत करता है।

संत अश्वनी बेदी जी ने कहा कि राम नाम का जाप पापों का नाश कर जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति दिलाता है, मन को शांति व एकाग्रता प्रदान करता है तथा सभी सिद्धियों और निधियों का दाता है। राम नाम भक्ति का मूल आधार है और इसका स्मरण अत्यंत सरल व सुलभ है।

महायज्ञ में सीनियर डिप्टी मेयर राकेश प्राशर, सविता प्राशर, डॉ. दीप्ति शर्मा, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रसाद व्यवस्था रमणीक बेदी द्वारा की गई।




# सर्व कष्टो के निवारण के लिए सबसे उत्तम है मां बगलामुखी यज्ञ : महंत प्रवीण चौधरी

## यज्ञ की आहुति शरीर पर स्पर्श करने से मिलता है हर प्रकार के कष्टो से छुटाकारा





लुधियाना, यूटर्न, 19 दिसंबर। मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण जी के सान्धिय में सर्व कष्ट निवारण यज्ञ आयोजित हुआ। विद्वान पंडितो की तरफ से उच्चारित मंत्रो का उच्चारण कर भक्तो ने आहुतियां डालकर सर्व कष्टों के निवारण की प्रार्थना मां बगलामुखी के चरणो में की। महंत प्रवीण चौधरी ने उपस्थित भक्तजनो को यज्ञ के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि यज्ञ की आहुति शरीर पर स्पर्श करने से हर प्रकार के कष्टो से छुटाकारा मिलता है। जगत जननी मां भगवती के चरण स्पर्श से तैयार चरणामृत सेवन करने से तन के रोग व मन के विकार दूर होते है। मन के विकार दूर होने से मनुष्य भक्ति की तरफ अग्रसर होता है। भक्ति करने वाला भक्त आवागमन के कुचक्रो से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है। मानव जीवन का मकसद 84 लाख योनियो से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करना ही है। बगलामुखी धाम के सेवक मनजीत छतवाल ने धाम में होने वाले साप्ताहिक हवन यज्ञ की जानकारी देते हुए कहा कि देश-विदेश से लाखो भक्त यज्ञ में शामिल होकर जीवन सफल बना चुके है। इस अवसर पर

सुनील महाजन, रमन घई, जतिंदर सूद , विजय गुप्ता ,पुरुषोत्तम चौधरी,सुधीर महाजन, सुनील हांडा, गौतम सचदेवा,संदीप सूद,जतिन सूद,मनीष गुप्ता, धीरज गुप्ता, राकेश पासी,सुनील पासी,राज सोलंकी, राम पाल त्रिखा,बौबी मक्कड़, दिनेश रल्ली ,गौरव मेहता,तरुण चौधरी , तरुण जैन सुराना, तजिन्द्र मिगलानी, वेद लुथरा, रमन शर्मा, राकेश खेड़ा, हरमोहन मल्होत्रा,जनक राज सिंगला, रोहित शर्मा,सोमनाथ शर्मा,प्रवेश चड्डा, सतविन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र वालिया,वरुण चोपड़ा, आदित्य गुप्ता, पंडित भूपेन्द्र,वरुण शर्मा,वरुण दत्त, तुषार बांसल, नरेन्द्र मोहिनी,अरुण मेहता, गुनीत खेरा सहित भक्तो ने मां बगलामुखी की आरती उतार कर भोग अर्पित किए। मां भगवती को अर्पित भोग व प्रसाद लंगर के रुप में वितरित हुआ।

## रूह से रूबरू

### क्या यह AQI IYभी सुधरेगा भी या नहीं?



चारू नागपाल



आजकल चारों तरफ धुंआ ही धुंआ फैला है जिसके कारण धुंध का कहर भी बढ़ता जा रहा है। उत्तर भारत के लोगों के फेंफड़ों की हालत खराब हो चुकी है। ऐसे लग रहा है मानो हम लोग किसी गैस के चैंबर में बंद हो गए हैं। जहाँ से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं हैं। चाहे दम घुटे, चाहे छींकतेऔर खाँसते खाँसते दम ही निकल जाए पर इस जहरीली हवा में सांस तो लेनी ही पड़ेगी। धुंध से आए दिन होने वाली जानलेवा दुर्घटनाएँ भी अलग ही डरा रही हैं। सरकारों की आपसी तकरार और गैर बंदोबस्त प्रबंधों की सजा हम सभी क्यों भुगत रहे हैं? क्यों नहीं हम सभी इसके खिलाफ आवाज उठाते? ऐसे तो हम लोग अपनी सेहत का कितना ध्यान रखते हैं। बढ़िया खाना, योगा, जिम, सैर, कितने लीटर पानी, कितने फल, कितनी सलाद ! पर इन सब क्रियाओं को करने के लिए जिस वायु की जरूरत है वो ही जहरीली हो गई हो तो यह सब आडंबर हमारे किसी काम नहीं आएँगें। हम हर बात पर अपने अधिकार की बात करते हैं। पर क्या ताजीऔर साफ हवा लेना हमारा अधिकार नहीं है? साल बर साल हालात और अधिक से अधिक बिगड़ते ही जा रहे हैं और हम सब मौन हैं। अब हम मानवाधिकार के आधार पर क्यों कोई आवाज नहीं उठाते? सच पूछो तो आम इन्सान तो जानता भी नहीं कि ऐसे हालात में उसे क्या करना चाहिए। परंतु जो बुद्धिजीवी हैं वो भी तो चुप बैठे हैं। अब की हमारी चुप्पी हमारे साथ-साथ हमारी आने वाली पीढ़ियों की सेहत और जिन्दगी बर्बाद कर देगी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Discharge क्या होता है और आरोपी को इसका लाभ कब मिलता है?

अक्सर लोग यह मान लेते हैं कि एक बार FIR दर्ज हो गई या चार्जशीट दाखिल हो गई, तो अब ट्रायल होना ही तय है। लेकिन कानून में एक अहम चरण होता है, जिसे Discharge कहा जाता है। यह वह स्थिति है जहाँ अदालत यह तय करती है कि क्या आरोपी पर मुकदमा चलाने लायक सामग्री वास्तव में मौजूद भी है या नहीं।

Discharge का मतलब है — आरोपी को मुकदमे से मुक्त कर देना, क्योंकि अदालत को यह प्रतीत होता है कि उसके खिलाफ कोई ठोस या पर्याप्त आधार नहीं है।

यह बरी (Acquittal) से अलग होता है, क्योंकि Discharge ट्रायल शुरू होने से पहले होता है।

BNSS 2023 के अनुसार, जब चार्जशीट दाखिल होने के बाद अदालत रिकॉर्ड और दस्तावेजों को देखती है और यह पाती है कि आरोप केवल संदेह या अनुमान पर आधारित हैं, तो वह आरोपी को Discharge कर सकती है। इसका उद्देश्य यह है कि किसी व्यक्ति को बिना आधार के लंबे ट्रायल की यातना न झेलनी पड़े।

Discharge का आवेदन आरोपी या उसका Discharge अदालत में करता है। अदालत यह देखती है कि क्या अभियोजन द्वारा प्रस्तुत सामग्री से कोई prima facie अपराध बनता है या नहीं। यदि नहीं, तो आरोप तय किए बिना ही मामला समाप्त किया जा सकता है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि Discharge कोई तकनीकी राहत नहीं, बल्कि न्यायिक विवेक पर आधारित सुरक्षा है। यह कानून का वह संतुलन है, जहाँ निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक मुकदमे से बचाया जाता है।

निष्कर्ष : हर FIR का अंत ट्रायल नहीं होता। जहाँ सबूत कमजोर हों, वहाँ Discharge न्याय का पहला फि ल्टर है — ताकि अदालतों का समय और नागरिक की स्वतंत्रता दोनों सुरक्षित रहें।

# पंजाब ने जम्मू-कश्मीर को 1-0 से हराकर संतोष ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाई



हुशियारपुर/दलजीत अजनोहा

श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज, महिलपुर में प्रिंसिपल हरभजन सिंह फुटबॉल स्टेडियम में पंजाब फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित संतोष ट्रॉफी के तहत 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप-ए के अंतिम दिन हुए दो मैचों को दर्शकों ने बांहें थामे देखा। महत्वपूर्ण मुकाबले में पंजाब की फुटबॉल टीम ने जम्मू-कश्मीर को 1-0 के अंतर से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। फाइनल मुकाबला अगले दिनों असम में होगा।इससे पहले चैंपियनशिप के एक अन्य मैच में लद्दाख की टीम ने हिमाचल प्रदेश को 1-0 के फासले से हरा दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब विधानसभा के उप स्पीकर जय कृष्ण सिंह रोरड़ी ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय किया और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी।इस मौके पर खालसा कॉलेज महिलपुर के प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह, एसपी शमिंदरजीत सिंह बैन्स और अर्जुन अवॉर्डी फुटबॉलर गुरदेव सिंह गिल ने खेल समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संतोष ट्रॉफी के मैचों को लेकर महिलपुर के फुटबॉल प्रेमियों में भारी उत्साह रहा है और आने वाले समय में भी ऐसी प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के मैच महिलपुर में करवाने के प्रयास किए जाएंगे।

# CBI जांच अधिकारियों और शिकायतकर्ता की बातचीत का रिकॉर्ड रहेगा सुरक्षित, निलंबित DIG भुल्लर की अर्जी मंजूर

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 दिसंबर। लाख रुपये की रिश्वत मामले में पंजाब के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को बड़ी राहत मिली है। सीबीआई की विशेष अदालत ने भुल्लर की अर्जी मंजूर करते हुए सीबीआई के जांच अधिकारियों और शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।

भुल्लर की ओर से दाखिल अर्जी में सीबीआई जांच अधिकारियों की कॉल डिटेल और टावर लोकेशन रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की मांग की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आदेश दिया कि शिकायतकर्ता और सीबीआई के दो जांच अधिकारियों के बीच हुई बातचीत तथा उसी समय की टावर लोकेशन से संबंधित रिकॉर्ड को ही संरक्षित रखा जाए।

**सीबीआई की आपत्ति, अदालत ने लगाई शर्त...**सीबीआई ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा था कि जांच अधिकारियों की कॉल डिटेल और लोकेशन से उनकी गोपनीयता भंग हो सकती है। इस पर अदालत ने संतुलित रुख अपनाते हुए संबंधित मोबाइल नंबरों की सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों को सीमित दायरे में ही रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।अदालत ने भुल्लर की एक अन्य अर्जी भी मंजूर कर ली है, जिसमें डीसी कॉम्प्लेक्स, मोहाली से लेकर सेक्टर-30 स्थित सीबीआई कार्यालय तक के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को सुरक्षित रखने की मांग की गई थी।

**भुल्लर के वकील का तर्क...**भुल्लर के वकील ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल को इस मामले में झूठा फंसाया गया है। अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए जरूरी साक्ष्यों को सुरक्षित रखना आवश्यक है, ताकि ट्रायल के दौरान उनका इस्तेमाल किया जा सके।

**चार्जशीट दाखिल, आय से अधिक संपत्ति का भी मामला...**सीबीआई ने 16 अक्टूबर को निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और उनके कथित बिचौलिए कृष्णु शारदा को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि दोनों मंडी गोबिंदगढ़ के एक व्यापारी से आठ लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे थे।

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने भुल्लर के सेक्टर-40 स्थित आवास पर छापेमारी की थी, जहां से करीब 7.5 करोड़ रुपये नकद, ढाई किलो सोना, लग्जरी घड़ियां, महंगी शराब और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए थे, जिन्हें जांच एजेंसी ने जब्त कर लिया।सीबीआई ने महज 48 दिनों की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है।




# पुलिस और आबकारी विभाग ने अवैध शराब की 70 बोतलों के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार




चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/19 दिसंबर। हथूर पुलिस स्टेशन ने आबकारी विभाग के सहयोग से अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हथूर थाने के हेड कांस्टेबल जसविंदर सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ हठूर गांव के मुख्य चौक पर मौजूद थे। इसी दौरान जगराओं सर्कल के आबकारी निरीक्षक हरस्पिंदर सिंह ने फोन पर सूचना दी कि चकर निवासी करनैल सिंह के पुत्र बिंदर सिंह उर्फ चागी, जो देसी शराब बेचने के अवैध धंधे में शामिल है, वह भारी मात्रा में शराब लेकर आया था और उसे आपूर्ति के लिए अपने घर में रखा था। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से उक्त व्यक्ति के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से देसी शराब की 70 बोतलें बरामद कीं, आरोपी बिंदर सिंह को गिरफ्तार किया और आबकारी अधिनियम

# अमृतसर में कोहरे के कारण स्कूल वैन-कार की टक्कर, व्यक्ति बोला-नशे में था ड्राइवर, छुट्टियों की उठी मांग

अमृतसर/यूटर्न/19 दिसंबर। अमृतसर जिले के अजनाला कस्बे में आज सुबह तड़के घनी कोहरे के कारण एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। अजनाला के सिविल अस्पताल चौक के पास एक स्कूल वैन और ऑल्टो कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार सवार और उसके बच्चे बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार दयालपुर गांव निवासी कार सवार अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान सिविल अस्पताल के पास सामने से आ रही एक निजी स्कूल की वैन ने उसकी कार को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। कार सवार का आरोप है कि स्कूल वैन का ड्राइवर नशे की हालत में था और घनी कोहरे के बावजूद तेज गति से वैन चला रहा था। पीड़ित ने बताया कि जब उसने वैन ड्राइवर को रोकने की कोशिश की तो उससे शराब की तेज बदबू आ रही थी। आरोप है कि हादसे के बाद वैन ड्राइवर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। गनीमत रही कि वैन में सवार स्कूली बच्चों को कोई गंभीर चोट नहीं आई।



## पुलिस ने गाड़ियां कब्जे में लीं, जांच शुरु

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आप लीगल विंग शांति और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ लड़ेगी कड़ी कानूनी लड़ाई

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/19 दिसंबर। हाल ही में हुए ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनावों में लुधियाना जिले में आम आदमी पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत का सम्मान लोगों ने आप की नीतियों और कामों को पसंद करते हुए वोटों से किया। लेकिन चुनाव नतीजों के बाद कुछ असामाजिक तत्वों ने जीत का जश्न मना रहे आप वर्करों पर हमला कर दिया।



लुधियाना के गिल विधानसभा क्षेत्र में हुई खूनी झड़प और फायरिंग के मामले में आम आदमी पार्टी की लीगल विंग ने शिकायतकर्ता पक्ष की तरफ से माननीय कोर्ट में कड़ा रुख अपनाया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

Rakul Preet



# मौलीजागरां पुलिस ने वाहन चोरी गिरोह का किया भंडाफोड़, 6 मोटरसाइकिलें बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 दिसंबर। मौलीजागरां थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई थाना प्रभारी हरिओम शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने की।पुलिस के अनुसार मौलीजागरां थाना में बीएनएस के तहत दर्ज मामले में यह शिकायत मोहित पुत्र यशपाल द्वारा ऑनलाइन दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनके घर के बाहर खड़ी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी।

मामले की जांच के दौरान हेड कांस्टेबल जोगिंदर सिंह और पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप सिंह उर्फ दीप को मौली कॉम्प्लेक्स से गिरफ्तार किया।आरोपी की निशानदेही पर 16 दिसंबर को चोरी की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया।



## पुलिस रिमांड में और बरामदगी

आरोपी को 17 दिसंबर को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन का पुलिस रिमांड मिला। रिमांड के दौरान 18 दिसंबर को आरोपी के पैतृक गांव में छापेमारी की गई, जहां से पांच और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

## चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी

पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी मोटरसाइकिलें यूटी चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों से चोरी की गई थीं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर वाहन चोरी के नेटवर्क और अन्य संभावित साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# गाजीपुर रोड पर गिरा सीमेंट का बिजली खंभा, छह घंटे ठप रही सप्लाई

जीरकपुर, यूटर्न, 19 दिसंबर। गाजीपुर रोड पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा टल गया, जब करीब छह बजे अचानक एक सीमेंट का बिजली का खंभा भरभराकर सड़क पर गिर गया। खंभा गिरते ही उससे जुड़ी बिजली की तारें सड़क पर फैल गईं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के कारण आसपास के पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह के समय दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल जाने वाले बच्चे और रोजमर्रा की आवाजाही करने वाले लोग सड़क पर फैली तारों के कारण घंटों फंसे रहे। कई वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि खंभा गिरने के समय अगर कोई व्यक्ति या वाहन उसकी चपेट में आ जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग को सूचना दी, लेकिन विभाग की ओर से कार्रवाई में देरी देखने को मिली। लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद करीब चार घंटे तक कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे लोगों में रोष बढ़ता गया। आखिरकार सुबह करीब दस बजे बिजली विभाग की टीम मौके पर



पहुंची और टूटे खंभे को हटाने तथा तारों को ठीक करने का काम शुरू किया।

मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद दोपहर करीब बारह बजे जाकर बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। इस दौरान दुकानदारों का कामकाज ठप रहा, वहीं घरों में रहने वाले लोगों को भी गर्मी और पानी की समस्या से जूझना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लगे अधिकतर बिजली के खंभे बेहद पुराने और जर्जर हालत में हैं। कई बार शिकायतें करने के बावजूद बिजली विभाग इन्हें बदलने या समय पर मरम्मत करने पर ध्यान नहीं देता। लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में क्यों बैठा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुराने खंभों को नहीं बदला गया, तो भविष्य में इससे भी बड़ा और जानलेवा हादसा हो सकता है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद बिजली विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

# आईपीसीए और किआ इंडिया ने प्लास्टिक के खिलाफ जंग अभियान के तहत घग्गर नदी के तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

जीरकपुर, यूटर्न, 19 दिसंबर। भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) ने किआ इंडिया प्रा. लि. के सहयोग से प्रोजेक्ट डी. आर. ओ. पी. (डिवेलप रिस्पॉन्सिबल आउटलुक टुवड्र्स प्लास्टिक) के तीसरे चरण में घग्गर नदी के किनारे स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे से फैल रहे प्रदूषण को रोकना और नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। इस सफाई अभियान को औपचारिक रूप से मुख्य अतिथि, माननीय विधायक, हलका डेराबस्सी, जीरकपुर कुलजीत सिंह रंधावा ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में नगर परिषद, जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह, मनोज कुमार सैनिटरी इंस्पेक्टर, सुखविंदर सिंह, कम्युनिटी फैसिलिटेटर,



अमनदीप सिंह, ब्लॉक इंचार्ज, हलका डेरा बस्सी, सुमित राणा सरपंच, हलका डेराबस्सी भी मौजूद थे।

# जीरकपुर में अवैध ई-सिगरेट बिक्री पर कार्रवाई, खोखा सील, संचालक फरार

जीरकपुर, यूटर्न, 19 दिसंबर। एसडीएम डेराबस्सी के आदेशों पर तथा एसएमओ ढकोली के नेतृत्व में पटियाला रोड, जीरकपुर में एक संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई यारा दा अड्डा ढाबा के सामने स्थित वाइन शॉप के निकट एक खोखे पर की गई। निरीक्षण के दौरान खोखे से ई-सिगरेट, पाइन सिगरेट, मोंड सिगरेट, एसे लाइट सिगरेट और एट पेपर बरामद किए गए, जिनकी बिक्री नियमों के विरुद्ध पाई गई। मौके पर कार्रवाई के दौरान खोखे के संचालक ने सरकारी टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी देने लगा। उसकी स्थिति संदिग्ध प्रतीत हो रही थी, मानो उसने किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया हो। स्थिति बिगड़ती देख सरकारी टीम ने तत्काल पंजाब पुलिस को 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी तथा जीरकपुर पुलिस थाने को भी अवगत कराया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही खोखे का संचालक वहां से फरार हो गया। इसके बाद नगर परिषद (एमसी) टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए खोखे को जब्त (सील) कर दिया गया और नियमानुसार उसका चालान काटा गया। इस कार्रवाई में हरप्रीत सिंह (एमपीएचडब्ल्यू), गुरजोत सिंह (जीएसटी अधिकारी), हरविंदर सिंह (हेल्थ असिस्टेंट), अशोक कुमार (एमसी अधिकारी), रविंदरपाल सिंह (एमसी अधिकारी) सहित उनकी टीम तथा फतेह ग्रुप के दमनजीत सिंह भी शामिल रहे।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372